Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding farmers' protest-laid.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): मैं माननीय कृषि मंत्री जी को साधुवाद देता हूं, जिन्होंने कृषि कल्याण और कृषि आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य करते हुए तीन महत्वपूर्ण कानून लाए हैं । एक ओर जहां इससे खेती किसानी को फायदा होने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर देशव्यापी प्रदर्शन और आक्रोश से हम सभी चिंतित हैं । खेती पर जहां देश की बहुत बडी जनसंख्या सीधे निर्भर है, वहीं यहाँ आय में होती हुई कमी के कारण करोड़ों लोग इससे दूर होने लगे हैं । कुछ मूलभूत सवाल हैं, ओवर स्टॉकिंग से जुड़ा हुआ जिनके जवाब आदरणीय कृषि मंत्री जी से निवेदित हैं । नए क़ानून के अनुसार अनाज को स्टॉक करने की कोई सीमा नहीं है । जहां दुनिया भर की पूँजी अडानी, अंबानी जैसे पूँजीपति लोगों के पास सीमित है । पूँजी लगाकर कोई बड़े स्तर पर अनाज को स्टॉक कर सकता है । इस कारण हजारो किसान दिल्ली से सटे राज्यो के सीमा पर महीनों से आंदोलन कर रहे है । अतः माननीय मंत्री जी तथा सरकार से निवेदन है कि इस गंभीर होती जा रही किसानो की समस्या का अविलंब समाधान किया जाय ।